संकलित मूल्यांकन (2014–15)
कक्षा – सातवीं
विषय हिन्दी (द्वितीय भाषा)

समय तीन घण्टे **कुल अंक 90**
सी.सी.ई 10

प्रश्न 1

(i) **निम्नलिखित में से किसी एक पद्यांश का सरलार्थ लिखें:–**

हम पश्चिम से आए, लाए आग–राग राजस्थानी
हम लाए हैं गंग–जमुन के संगम का निर्मल पानी।
भारत के कोने–कोने से हम सब बच्चे आए हैं।
नई उमंगों–आशाओं का हम संदेश लाए हैं।

अथवा

छेद कर कांटा किसी की उंगलियां
फाड़ देता है किसी का वर वसन।
प्यार डूबी तितलियों का पर कतर
भौर का है बेंध देता श्याम तन

(5)

(ii) **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में दें:–**

(क) सर्वोत्तम दान कौन सा है?
(ख) खड्ग सिंह कौन था?
(ग) हमारे देश के झण्डे को क्या कहते हैं?
(घ) बच्चे वर्षा की प्रतीक्षा क्यों करते हैं?
(ङ) विजय दिवस क्यों मनाया जाता है?
(च) सुमति किस बात पर विश्वास करता था?
(छ) गीत गाने वाले बच्चे कहां से आयें हैं?

(5×1=5)

(iii) **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर तीन या चार वाक्यों में लिखें:–**

(क) राष्ट्रीय झण्डे के बारे में आप क्या जानते हैं?
(ख) बाबा भारती ने खड्ग सिंह से क्या प्रार्थना की?
(ग) आप कैसे कह सकते हैं कि रानी लक्ष्मी बाई का बलिदान स्वराज्य की नींव बना?
(घ) राजा अपने जीवन से निराश क्यों हो गया था?
(ङ) स्वैच्छिक रक्तदान से आप क्या समझते हैं?

(3×3=9)

(iv) **किन्हीं पांच पंजाबी शब्दों को हिन्दी में लिखें:–**

ਹਵਾ, ਮੰਦਰ, ਤਰੰਗਾ, ਕਿਸਾਨ, ਵਰਦੀ, ਜਿੱਤ (5×1=5)

(v) **किन्ही तीन शब्दों के अर्थ लिखें:–**

पश्चाताप, घमण्ड, गर्व, रक्तदान, उद्घाटन (3×1=3

SAMPLE

(vi) **किन्ही चार मुहावरे/लोकोक्तियों का वाक्यों में प्रयोग इस प्रकार करें कि अर्थ स्पष्ट हो जायेः–**

पीठ पर हाथ फेरना, मन–मोह लेना, बाल भी बांका न होना, प्राणों की रक्षा करना, आनाकानी करना, मृत्यु–तुल्य जीवन बिताना (4×2=8)

प्रश्न–2

(i) **लिंग परिवर्तन करें (कोई दो)**

दास, रानी, देवी

(ii) **वचन परिवर्तन करें (कोई दो)**

कोना, बच्चा, आशा

(iii) **भाववाचक संज्ञा बनायें (कोई दो)**

वीर, अज्ञान, अच्छा

(iv) **विशेषण बनायें (कोई दो)**

बल, दुःख, चमक

(v) **समान अर्थ वाले शब्द लिखें (कोई दो)**

परमात्मा, जंगल, सेवक

(vi) **विपरीत शब्द लिखें(कोई दो)**

सुख, शीतल, जीवन

(vii) **शुद्ध करके लिखें (कोई दो)**

मालुम, युध, प्रन

(viii) **विराम चिह्न लगायें (कोई दो)**

1) अपाहिज ने हाथ जोड़ कर कहा बाबा मैं दुःखी हूँ

2) सभी दानों से सर्वोत्तम दान रक्त दान ही है

3) क्या हम किसी को जीवन दान दे सकते हैं। (8×2=16)

(ख) निर्देशानुसार करेंः–

(i) जल्लाद ने तलवार उठायी। (क्रिया शब्द चुनें)

(ii) वह कल बाजार जायेगा। (सर्वनाम शब्द चुनें)

(iii) वे घोड़े को खोलकर बाहर ले गये। (कारक बतायें)

(iv) राजा ने जैसा सोचा था वैसा ही कर दिखाया। (संज्ञा शब्द चुनें) (4×1=4)

प्रश्न–3 **निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखेंः–**

(i) मेरा स्कूल, प्रातः काल की सैर, मेरा पंजाब (15)

(ii) स्कूल में पानी का उचित प्रबन्ध करवाने के लिए मुख्याध्यापक को प्रार्थना पत्र लिखें

अथवा

सैक्शन बदलने के लिए मुख्याध्यापक को प्रार्थना पत्र लिखें (10)

(iii) **कोई एक कहानी लिखेंः–**

दो बिल्लियां और एक बन्दर, खरगोश और कछुआ (10)

SAMPLE